अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , रविवार, 15 फरवरी 2026

PAGE NO : 07 BOTTOM

# खेलों में किया शानदार प्रदर्शन, जीते पदक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च में स्टूडेंट क्लब ''वर्व'' के सहयोग से बीटेक एवं नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के बीच टीमवर्क, अनुशासन, फिटनेस और खेल भावना को बढ़ावा देने को वार्षिक स्पोर्ट्स वीक का आयोजन किया गया।

स्पोर्ट्स वीक में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, खो-खो और कबड्डी सहित विभिन्न प्रकार के इंडोर और आउटडोर खेल आयोजित किए गए। छात्र-छात्राओं ने हर खेल में प्रतिस्पर्धात्मक भावना दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया।



वार्षिक स्पोर्टस् वीक के विजेता छात्र-छात्राएं। • अमृत विचार

साथ ही 100 मीटर दौड़, लंबी छलांग, डिस्क थ्रो, जैवलिन थ्रो और शॉट पुट जैसी रोमांचक एथलेटिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जहां छात्रों ने पूरी मेहनत और समर्पण के साथ प्रतिस्पर्धा की। विभिन्न खेलों के प्रथम विजेता को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ट्रस्ट सलाहकार इंजीनियर सुभाष मेहरा ने वॉलीबाल मैच में टॉस करवाकर किया। प्रिंसिपल डॉ. मुथु माहेश्वरी, डॉ. शैलेश सक्सेना, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहीं।

Bareilly, Sunday,
15 February 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

# दैनिक जागरण

PAGE NO : I MIDDLE

**मंचन :** रिद्धिमा में 'दूल्हा भाई' नाटक का मंचन शाम 5 :15 बजे।